प्रहरी एप

हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री ने **सीमा सुरक्षा बल (Border Security Force-BSF) के जवानों के लिये** 'प्रहरी' (Prahari) मोबाइल एप लॉन्च किया।

- इसके साथ ही मंत्रालय ने **सीमा सुरक्षा संगठन के प्रशासन, प्रशिक्षण और संचालन की समझ बढ़ाने के हेतु 13 BSF मैनुअल** (नियमावली) के संशोधित संस्करण को भी जारी किया।
- ये मैनुअल BSF जवानों के कार्यों को गति देने में सहायक होंगे। ये सभी रैंक के BSF जवानों और अधिकारियों के कार्यों को सरल बनाएंगे।

एप की प्रमुख विशेषताएँ:

- 'प्रहरी' एप के माध्यम से जवान अपने मोबाइल पर **व्यक्तिगत जानकारी एवं आवास**, आयुष्मान- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (Central Armed Police Forces- CAPF) तथा अवकाश संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
- **एप की अन्य विशेषताएँ:**
  - बायोडाटा की उपलब्धता
  - "केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली" (CP-GRAMS) पर शिकायत निवारण
  - विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी
- एप जवानों को **गृह मंत्रालय** के पोर्टल से भी जोड़ेगा।

सीमा सुरक्षा बल (BSF):

- भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद 1965 में BSF का गठन किया गया था।
- यह गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत के सात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है।
  - अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं: **असम राइफल्स (AR), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और सशस्त्र सीमा बल (SSB)**।
- पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर 2.65 लाख सैनिक तैनात हैं।
  - यह भारतीय सेना के साथ भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा, **भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण रेखा (LOC)** पर और नक्सल विरोधी अभियानों में तैनात है।
- इसमें एक एयर विंग, मरीन विंग, एक आर्टिलरी रेजिमेंट और कमांडो यूनिट है।
  - BSF अरब सागर में सर क्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरबन डेल्टा जैसी भौगोलिक स्थितियों में भी सुरक्षा प्रदान कर रही है।
  - कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण चुनाव कराने में राज्य प्रशासन की मदद करने में BSF की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
  - BSF प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी सुरक्षा प्रदान करती है ताकि मानव जीवन को बचाया जा सके।
- यह हर साल अपनी प्रशिक्षित जनशक्ति का एक बड़ा दल भेजकर संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन को समर्पित सेवाओं में योगदान देता है।
- इसे भारतीय क्षेत्रों की रक्षा की पहली पंक्ति कहा गया है।
- सीमा सुरक्षा बल को एक महावीर चक्र, 4 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र और 13 शौर्य चक्र सहित कई वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prahari-app